CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

❑ वर्ष- 29 ❑ अंक- 190 ❑ रायपुर, रविवार 2 अगस्त 2026 ❑ पृष्ठ-8 ❑ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 'सीएमओ' लिखी कार ने बाइक को मारी टक्कर

# दो लोगों की मौत, एक गंभीर

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष की बर्थडे पार्टी से लौटने के दौरान हादसे की चर्चा

**मुंगेली, 2 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के जरहागांव थाना क्षेत्र के बरेला के पास शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। 'सीएमओ' लिखी कार ने कथित रूप से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलते हुए बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला ने बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरे घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में किरण बसूर (39 वर्ष) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अंजली बसूर (35 वर्ष) ने सिम्स अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली, जबकि विकेश साहू (करीब 36 वर्ष) गंभीर रूप से घायल है और उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों मुंगेली के विनोबा नगर निवासी हैं और तखतपुर से मुंगेली लौट रहे थे।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में उक्त कार तखतपुर नगर पालिका के पास क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी है ऐसी ख़बर आई है। वहीं दुर्घटनास्थल पर कार की नंबर प्लेट बरामद हुई, जिस पर 'सीएमओ' लिखा हुआ था। इसके बाद पूरे मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी तेजी से फैल रही है कि दुर्घटना के समय उक्त कार में तखतपुर नगर पालिका सीएमओ एवं अन्य सवार थे, जो देर रात मुंगेली कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के जन्मदिन समारोह से तखतपुर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान बरेला के पास यह हादसा हो गया। वहीं बाइक सवार तीनों लोग तखतपुर से मुंगेली की ओर वापस आ रहे थे।हालांकि, यह केवल स्थानीय स्तर पर चल रही चर्चा है। इसकी किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पुलिस जांच में जुटी, चालक की तलाश जारी

घटना के बाद जरहागांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी शोभा यादव ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से विवेचना कर रही है। दुर्घटना कैसे हुई, कार कौन चला रहा था और उसमें कौन-कौन सवार थे, इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल फरार चालक की तलाश जारी है। वहीं बरामद कार, नंबर प्लेट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस पूरे घटनाक्रम की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मामले में कई तरह की चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## आफत की बारिश: बाढ़-भूस्खलन से केरल में 8, कर्नाटक में 3 की मौत

### आईएमडी ने कई राज्यों के लिए जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (न्यूज चैनल)।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन ने भीषण तबाही मचाई है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार आज यानी दो अगस्त को यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में भारी बारिश के साथ आंधी की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, केरल में बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ अन्य लापता हैं। वर्षाजनित हादसों में 13 लोग घायल भी हुए हैं। मौसम विभाग की ओर से राजस्थान, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। केरल में रविवार को मूझियार, कल्लारकुट्टी, एराट्टयार, लोअर पेरियार, पोरिंगलकुथु बांधों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



केरल में शनिवार को हुई भारी बारिश के चलते आठ लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में भूस्खलन, जलभराव और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण 27 मकान पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, जबकि 196 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। राज्यभर में बनाए गए 209 राहत शिविरों में 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है।

कर्नाटक में रविवार तड़के शिवमोगा जिले के इंदिरा नगर में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक झोपड़ी दब जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल था। मृतकों की पहचान मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेनी (28) और उनके बेटे संतोष के रूप में हुई, जो कोप्पल जिले के गंगावती तालुक के कोक्करेगारू गांव के निवासी थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार सो रहा था जब सुबह करीब 2.30 बजे पहाड़ी का एक हिस्सा शेड पर गिर गया। सूत्रों ने बताया कि पास के एक शेड में रहने वाला एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अमेरिकी रेस्तरां के भीतर गोलीबारी में तीन की मौत, हमलावर हुए ढेर



**नई दिल्ली, 2 अगस्त (न्यूज चैनल)।** अमेरिका के आइडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में शनिवार को एक इन-एन-आउट बर्गर रेस्तरां के अंदर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर भी मारा गया है और फिलहाल समुदाय के लिए किसी तरह का खतरा नहीं बचा है। हालांकि, मरने और घायलों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी शहर के सबसे व्यस्त कारोबारी इलाके में हुई। घटना के समय रेस्तरां और आसपास काफी लोग मौजूद थे। कई पुलिस एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू किया।

### मायावती ने संगठन में किया बड़ा फेरबदल, समधी अशोक और रणधीर बसपा से निष्कासित

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने समधी यानी आकाश आनंद के ससुर एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ और पार्टी नेता रणधीर सिंह बेनीवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी स्थिति में अब दोनों की पार्टी में वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं पर अनुशासनहीनता और पार्टी के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप लगातार सामने आ रहे थे। मायावती ने रविवार को एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि अशोक सिद्धार्थ को पहले महाराष्ट्र में पार्टी की जिम्मेदारी निभाने के दौरान तालमेल की कमी और अनुशासनहीनता के कारण हटाया गया था। बाद में उन्हें दोबारा मौका देते हुए यूपी के बजाय अन्य राज्यों में संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन, वहां भी उन्होंने अपेक्षित ढंग से कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कोऑर्डिनेटर रहते हुए भी अशोक सिद्धार्थ के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रहीं। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर उन्हें पहले सभी जिम्मेदारियों से मुक्त किया गया। अब तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। मायावती ने आगे कहा कि अशोक सिद्धार्थ के उत्तर प्रदेश में दोबारा सक्रिय होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं।



## पीएम मोदी ने किया नशे के खिलाफ देशव्यापी अभियान का आगाज

# बोले- युवा तन-मन से हों स्वस्थ, तभी विकसित होगा भारत

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा साथियों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी जिस अभियान के साक्षी बन रहे हैं, वह अभियान व्यक्ति के लिए है, परिवार के लिए है, समाज के लिए भी है और सबसे बड़ी बात है ये राष्ट्र के लिए है। विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशामुक्त युवा, इस मूवमेंट का नाम ही इसके संकल्प को स्पष्ट करता है। पीएम मोदी ने कहा, आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहे। यही इस अभियान का उद्देश्य है। हम सबको ये संकल्प लेना है कि हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें।



प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कुछ काम ऐसे होते हैं, जो व्यक्तिगत रूप से कोई प्रयास करे तो कभी-कभी निराश हो जाता है, थकान महसूस करता है, लंबी दूरी चलने में मन तैयार नहीं होता है, लेकिन जब सामूहिक अभियान बन जाता है और कंधे से कंधा मिलाकर करोड़ों लोग चल पड़ते हैं तो ऐसे सभी जो व्यक्तिगत रूप से अपने आप नहीं कर पाते हैं, उनको भी एक ऊर्जा मिल जाती है। आज उस ताकत को लेकर ये अभियान हर युवा मन को छूने वाला है।

उन्होंने कहा, आने वाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। आज हजारों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लाखों विद्यार्थी इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े हैं। समाज का सहयोग, योग और ध्यान की ताकत, ये नशे के खिलाफ हमारे अन्तर्मन को ताकत देते हैं। और आज तो हमारे पास नशा छोड़ने के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर जैसी सुविधाएं भी हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, आप भारत की अमृतपीढ़ी हैं। आप अगले 20-25 वर्षों में अपने जीवन को दिशा देंगे और आप ही 2047 में देश को विकसित भारत की मंजिल तक लेकर जाएंगे और उसके शिखर पर आप ही बैठे होंगे।

## आज बड़ी चुनौती बना गया है साइबर अपराध, प्रभावी रोक लगाने शुरू किए 9 साइबर थाने: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 2 अगस्त (हाईवे चैनल)।** साइबर अपराध आज बड़ी चुनौती बना हुआ है, ऐसे में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए नया अपराधी कानून अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है. प्रदेश में नौ साइबर थाने शुरू किए गए हैं, ताकि साइबर अपराधों को रोका जा सके. यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डिजिटल न्याय कार्यशाला के पहले मीडिया से चर्चा में कही. मुख्यमंत्री साय ने नये आपराधिक कानूनों के माध्यम से डिजिटल न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने संबंधी विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला के शुरू होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि नए कानून को लेकर आज की यह कार्यशाला बेहद महत्वपूर्ण है. पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में नए कानून प्रभावी रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराध होता है तो अपराधियों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल साक्ष्य उपयोगी होते हैं. सीसीटीवी के माध्यम से कई महत्वपूर्ण सबूत मिल जाते हैं. मोबाइल चैट्स , डिजिटल साक्ष्य और फॉरेंसिक की काफी मदद मिलती है. सीसीटीएनएस से काफी मदद मिली है. पूरे देश के थाने इसमें रजिस्टर्ड हैं. राजधानी में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री विजय शर्मा और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी मौजूद हैं. कार्यशाला में डिजिटल तकनीकों के समावेश से न्याय व्यवस्था को नया आयाम देने की पहल, अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली, अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली के साथ ही डिजिटल न्यायिक समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा।




## डिवाइडर से टकराई बाइक, इलाज के दौरान युवक की मौत

**रायपुर/अभनपुर, 2 अगस्त (हाईवे चैनल)।** रायपुर-अभनपुर मार्ग पर रविवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे ऊपरपारा क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार, अभनपुर के ऊपरपारा निवासी धनेंद्र साहू बाइक से रायपुर-अभनपुर मार्ग पर सिंचाई कॉलोनी की ओर से निकल रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। हालांकि गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया, वहीं ऊपरपारा क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में बवाल: ग्लास्गो के रेस्तरां में भारत के गलत नक्शे पर विवाद; लवलीना भड़कीं, लगाई क्लास

**नई दिल्ली, 2 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के दौरान ग्लास्गो के एक भारतीय रेस्तरां में भारत के गलत नक्शे को लेकर विवाद खड़ा हो गया। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, भारतीय दल के खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परोसे गए नैपकिन पर छपे भारत के नक्शे में पूर्वोत्तर राज्यों को नहीं दिखाया गया था। इस पर ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कड़ी आपत्ति जताई। लवलीना ने ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में हार मिली। असम की रहने वाली लवलीना ने नैपकिन पर छपे नक्शे को देखते ही अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, नैपकिन पर बने नक्शे में हमारा पूर्वोत्तर नहीं दिखाया गया है। बाहर भी मैप लगा है, उसमें भी हमारा नॉर्थ ईस्ट नहीं है। ये मुझे बहुत बुरा लगा। भारत का हर हिस्सा महत्वपूर्ण है और उसे सही तरीके से दिखाया जाना चाहिए। उनकी इस टिप्पणी के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

**बीएफआई अध्यक्ष ने भी जताई आपत्ति:** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने भी रेस्तरां द्वारा इस्तेमाल किए गए नक्शे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नैपकिन पर केवल पूर्वोत्तर ही नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर का भी अधूरा चित्रण किया गया है। उन्होंने रेस्तरां प्रबंधन से अपील करते हुए कहा, सिर्फ नॉर्थ ईस्ट नहीं, इसमें कश्मीर भी पूरा नहीं है। गलत नक्शे वाले सभी नैपकिन तुरंत हटाए जाएं और उनकी जगह भारत की संपूर्ण भौगोलिक सीमा को सही ढंग से दर्शाने वाले नक्शे का इस्तेमाल किया जाए। ग्लास्गो का मिस्टर सिंह्स इंडिया क्ष्ठ द होम ऑफ करी शहर के लोकप्रिय भारतीय रेस्तरां में शामिल है। पिछले तीन दशकों से संचालित यह रेस्तरां अक्सर विभिन्न देशों के खिलाड़ियों और विशिष्ट मेहमानों की मेजबानी करता रहा है। हालांकि, विवाद सामने आने के बाद भी रेस्तरां प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब भारतीय मुक्केबाजी टीम ने ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारत ने मुक्केबाजी में रिकॉर्ड 10 पदक जीते, जिनमें सात स्वर्ण और तीन रजत शामिल रहे। प्रीति पवार, जैस्मिन लंबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास, अरुंधति चौधरी, सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि जादूमणि सिंह, लवलीना बोरगोहेन और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक अपने नाम किए।




## बीएसपी स्क्रैप चोरी

## भास्कर मुदलियार की गिरफ्तार के बाद भाजपा का एक्शन, 6 साल के लिए किया निष्कासित

**दुर्ग, 2 अगस्त (हाईवे चैनल)।** भिलाई स्टील प्लांट में लोहा चोरी केस में जीएम और एजीएम के बाद रसूखदार कारोबारी और भाजपा नेता (वैशालीनगर बीजेपी मंडल कोषाध्यक्ष) भास्कर मुदलियार को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस के एक्शन के बाद भाजपा ने मुदलियार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। दरअसल, भास्कर मुदलियार की गाड़ियां मुख्य आरोपी संजय सिंह द्वारा भिलाई स्टील प्लांट के अंदर डस्ट परिवहन के लिए लगाए गए थे. भास्कर मुदलियार की गाड़ियां प्लांट के अंदर से फ्लू डस्ट लाने का काम करती थी, लेकिन फ्लू डस्ट की आड़ में कुछ महीनों से स्कैप की चोरी की जा रही थी. इससे पहले भी भास्कर मुदलियार से पूछताछ की गई थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

इस मामले में कॉन्ट्रेक्टर हिमांशु खण्डेलवाड और गिरीश खंडेलवाल फरार हैं, जिनके 12 खाते फ्रिज किये गए हैं. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान भास्कर मुदलियार की संदिग्ध भूमिका पाई गई. ट्रांसपोर्टर भास्कर मुदलियार की गाड़ियां लंबे समय से भिलाई स्टील प्लांट के अंदर कॉन्ट्रक्टरों के माध्यम से चलाई जा रही थी. जांच के दौरान कई साक्ष्य पाए गए, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया और शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले से जुड़े लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है. फ़्लू डस्ट की आड़ में स्क्रैप चोरी मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में कुछ और अहम खुलासे हो सकते हैं।




**26 मई को हुआ था मामले का खुलासा:** बता दें कि 26 मई 2026 को पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित एके ट्रेडर्स और हथखोज के प्लॉट नंबर-18 में छापा मारा था. जांच के दौरान कई हाईवा, ट्रक और अन्य वाहनों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम और कटिंग सामग्री मिली थी. मौके से करीब 250 टन लौह स्क्रैप जब्त किया गया था।

CMYK